समाचार

# छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर निगम कोरबा को मिली करोड़ों की सौगात

## ( अटल परिसर के लोकार्पण एवं विभिन्न कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे उप मुख्यमंत्री , उद्योग मंत्री, महापौर, सभापति, पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने दी अपनी विशिष्ट उपस्थिति )




कोरबा 20 जुलाई 2025 – अटल परिसर के लोकार्पण कार्यक्रम में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं नगर निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव का स्वागत करते हुए उद्योग मंत्री द्वारा कहा गया कि जनता का हित ही सर्वोपरि है, जिसे ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ की जनता को भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा छत्तीसगढ़ के रूप में राज्य गठन का तोहफा प्रदान किया था, राज्य गठन के पश्चात राज्य एवं कोरबा क्षेत्र का धीरे–धीरे चहुमुंखी विकास हुआ है, विगत कार्यकाल में विकास की गति धीमी पड़ गई थी, नगर निगम कोरबा में हमारी सरकार आने के पश्चात पुनः गति मिली है, इसमें माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव जी का काफी सहयोग रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, डॉ.राजीव सिंह, जोगेश लांबा, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास, हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी, अजय चन्द्रा, रामकुमार साहू आदि विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।

नगरीय निकाय मंत्री व उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने अटल परिसर के लोकार्पण अवसर पर अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज का दिन कोरबा शहर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, जब अटल परिसर का उद्‌घाटन किया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित समस्त कोरबावासियों को अटल परिसर की सौगात मिलने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि आज लगभग 30 करोड़ रूपये के लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम पर सभी को बधाई हो। आज छत्तीसगढ़ की जो तरक्की हो रही है, इसका श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को जाता है, स्व. अटल जी ने छत्तीसगढ़िया के दर्द को समझा था तथा पृथक राज्य की घोषणा की थी, अटल जी का योगदान हम सभी को याद रहे इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 192 नगरीय निकायों में अटल जी की प्रतिमा की स्थापना का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में नगर पालिक निगम कोरबा स्थित विवेकानंद उद्यान(अप्पू गार्डन) के समीप अटल परिसर अपना मूर्तरूप ले रहा है।

कोरबा में हमारी स्थानीय सरकार बनने के बाद नगर निगम कोरबा हेतु 280 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की सौगात के लिये आया है, जिसमें से 47 करोड़ रूपये की राशि कुछ दिन पूर्व ही दिया गया एवं 19 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की स्वीकृति आज ही दे दी गई हैं। उन्होने कहा कि कोरबा शहर के नागरिकों के जीवन में उजाला आये, ये मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव सरकार का सपना है। कोरबा में तेजी से स्वच्छता पर कार्य हो रहा है, वर्तमान में स्वच्छता के क्षेत्र में पूरे देश में कोरबा नगर निगम को 08वॉ रैंक प्राप्त हुआ है, जिसके लिए कोरबा की जनता को बधाई व शुभकामनायें दी तथा कोरबा की जनता से उन्होने कहा कि कोरबा आगे नम्बर–वन पर आये, ऐसा मैं उम्मीद करता हूँ। उन्होने आमनागरिकों से आगे कहा कि जिस प्रकार से हम लोग अपने घर का कचरा पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखते, वैसे ही कोरबा शहर को भी अपना घर समझकर इसको स्वच्छ रखना हैं एवं सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर इधर–उधर कचरा नहीं फेंकना है। स्वच्छता हेतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लोगों में जन–चेतना पैदा की है, उसी का यह प्रभाव है कि आज घर का बच्चा भी टोकते हुए यह कहता है कि कचरा कहीं भी इधर–उधर मत फेंको। आज प्रत्येक नागरिकों की यह जिम्मेदारी है कि अपना शहर कोरबा साफ–सुथरा रहे, इस हेतु एक–एक व्यक्ति को स्वच्छता की जिम्मेदारी लेनी होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार की मंशा है कि योजना अंतर्गत आबंटित राशि का कोरबा के विकास में एक–एक पैसा का उपयोग जनता हित में होना चाहिये। कार्यक्रम के इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र द्वारा सी.एस.आर. मद से प्रदाय किये गये 03 बसों का मेडिकल कालेज में पढ़ने वाले बच्चों को लाने–ले जाने हेतु शुभारंभ किया गया।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि कोरबा के विवेकानंद उद्यान के समीप 49 लाख 16 हजार रूपये की लागत से अटल परिसर के निर्माण की पूर्व में वर्चुअल रूप से शिलान्यास रखा गया था, जो आज कोरबा में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव की गरिमामयी उपस्थिति में लोकार्पण कार्यक्रम को सम्पन्न किया जा रहा है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी हमेशा अपने सिद्धांतों पर अटल रहे हैं, उन्होने किसी भी परिस्थिति में सिद्धांतों से समझौता नहीं किया, अटल जी की सरकार अपने सुशासन के लिए जानी जाती थी, देश के विकास में स्व.अटल जी के महान योगदान को इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा जायेगा, उन्होने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण कार्य की आधारशिला पूर्व में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा रखी गई थी, इसी तारतम्य में आज नगर पालिक निगम कोरबा में अटल परिसर साकार रूप लिया है।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि कोरबा की जनता की सुविधाओं एवं कोरबा के विकास हेतु मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व उद्योग मंत्री का भरपूर सहयोग कोरबा नगर निगम को प्राप्त हो रहा है, इस हेतु निगम व क्षेत्र की जनता की ओर से उनको साधुवाद दिया।